संख्या- 03/2016/ 132 /एक-4-2016 -111 बी-4/2012

प्रेषक,

सुरेश चन्द्रा,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
2- समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राजस्व अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक 28 जनवरी, 2016

विषय:- दिनांक-02फरवरी 2016 (मंगलवार) को उ0 प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (यू0पी0टी0ई0टी0) आयोजित कराये जाने के फलस्वरूप तहसील दिवस का आयोजन दिनांक-03फरवरी 2016 (बुधवार) को आयोजित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

शिक्षा विभाग के शासनादेश संख्या- 1694/15-11-2015-2750/12 दिनांक-24नवम्बर 2015 के द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यू0पी0टी0ई0टी0) का कार्यक्रम जारी किया गया है जिसके के अनुसार टी0ई0टी0 की परीक्षा दिनांक-02फरवरी 2016 (मंगलवार)को पूर्वान्ह 10;00बजे से सायं 05;00 बजे के मध्य दो पालियों में आयोजित की जायेगी। टी0ई0टी0परीक्षा में प्रदेश के समस्त जिलों में लगभग 09लाख अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। परीक्षा का आयोजन एवं तैयारियां वृहद स्तर पर होती हैं तथा इसमें जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, जिला स्तर के अन्य अधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाती है। दिनांक-02फरवरी 2016 को माह का प्रथम मंगलवार होने के कारण तहसील दिवस का भी आयोजन नियत है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक-02फरवरी 2016 को यू0पी0टी0ई0टी0 परीक्षा आयोजित होने के कारण माह फरवरी 2016 के प्रथम मंगलवार का तहसील दिवस का आयोजन दिनांक-03फरवरी 2016(बुधवार)तहसील दिवस का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

3- तहसील दिवस के आयोजन के संबंध में निर्गत शासनादेशों के प्राविधानानुसार, तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

भवदीय,

(सुरेश चन्द्रा)
प्रमुख सचिव ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-03/2016/132 (1)एक-4-15-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -:

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

2- प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

3- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।

4- सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन को उनके पत्र संख्या -150/एसबीई/2016,दिनांक-25 जनवरी, 2016 के संदर्भ में ।

5- आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ

6- 7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बीरबल सिंह)
उप सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।